Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to shift the food stalls located near foot overbridge on Ahmedabad Railway Station platform-laid.

श्री हँसमुखभाई एस. पटेल (अहमदाबाद पूर्व): मेरे निर्वाचन क्षेत्र अहमदाबाद - पूर्व में अहमदाबाद रेलवे स्टेशन A-1 श्रेणी का रेलवे स्टेशन है और इस स्टेशन का रेलवे मंत्रालय ने हैरिटेज नवीनीकरण किया है और जनता को अत्याधुनिक सुविधाए दी हैं | मै इस सराहनीय कार्य हेतु धन्यवाद करता हूँ | कुछ वर्षों में प्लेटफार्मों की लंबाई में वृद्धि की गयी है, लेकिन स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मों के फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) से पहले और बाद में खानपान के स्टाल आवंटित हैं । अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पर F.O.B के बीच 8 -10 से अधिक स्टॉल हैं । जो बहुत आसपास में हैं | जिससे भीड़भाड़ ज्यादा रहती हे| रेलवे प्लेटफार्म पर अनारक्षित कोच और स्लीपर क्लास में यात्रा करने वाले यात्रियों को उनके कोच के पास खानपान के स्टाल की कोई सुविधा नहीं है | मेरा विनम्र अनुरोध है कि मौजूदा खानपान इकाइयों को एफ.ओ.बी. से हटाकर अनारक्षित कोच और स्लीपर कोच के आसपास उन्नत प्लेटफ़ॉर्म क्षेत्र की ओर दी जाए जंहा पर खानपान की कोई सुविधा नहीं है । यह यात्रियों के लिए उपयोगी होगा और भीड़भाड़ को भी कम करेगा ।